प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्यभर में तिरंगा यात्रा जारी, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी में तिरंगों के साथ सड़क पर उतरे लोग, सेना को किया सलाम, आतंकवाद के खिलाफ दिखायी एकजुटता।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– राज्य में पेसा कानून लागू करने को लेकर सरकार गंभीर, हितधारकों से लिये जा रहे हैं सुझाव।
- भाजपा ने मंईयां सम्मान योजना में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना, कांग्रेस ने की सरना धर्म कोड के मसले पर लड़ाई तेज करने की घोषणा।
- राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर आज राज्यभर में कई जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन, देवघर में निकाली गयी प्रभात फेरी सह जन–जागरुकता रैली।
- झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव की सरगर्मी तेज, 18 मई को डाले जायेंगे वोट, दोनों गुटों ने गिनायीं प्राथमिकताएं।

********************

सेना के सम्मान में आज राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस कड़ी में लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी में तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों ने पाकिस्तान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुख का समर्थन किया और सेना के शौर्य की सराहना की। खूंटी में निकाली गयी तिरंगा यात्रा में पूर्व सांसद समीर उरांव, पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और पूर्व सैनिक शामिल हुए। इस दौरान श्री उरांव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद, चरमपंथ और धार्मिक कट्टरता को कड़ी चेतावनी दी है।

********************

ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल–टीएसी की 21 मई को होने वाली बैठक को लेकर आदिवासी समुदाय को काफी उम्मीदें हैं। पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा कि लंबे अरसे बाद हो रही टीएसी की बैठक में पेसा नियमावली पर कोई फैसला लिया जा सकता है।

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कहा है कि राज्य में पेसा कानून लागू करने को लेकर सरकार गंभीर है और हितधारकों से इसके लिए सुझाव मांगे गये हैं।

********************

कांग्रेस पार्टी ने झारखंड में आदिवासियों के लिए अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर अपनी लड़ाई तेज करने की घोषणा की है। पार्टी ने इस सिलसिले में 26 मई को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करने का फैसला किया है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि सरना कोड मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

इस बीच भाजपा ने कांग्रेस पर तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि सरना धर्म कोड के बहाने कांग्रेस राज्य की जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर चाकुलिया के बाद घाटशिला में हजारों की संख्या में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हेंदलजुड़ी पंचायत में मंईयां सम्मान योजना के 409 लाभुकों की सूची में 174 मुस्लिम महिलाएं हैं, जबकि आठ गांवों वाल इस पंचायत में कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं रहता। श्री सोरेन ने राज्य सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

गुमला जिले में विशेष रूप से वंचित जनजातीय समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष पहल की जा रही है।

********************

आज भारतीय शेयर बाजार कल की बड़ी बढ़त के बाद सतर्कता के साथ खुले। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 241 अंक लुढ़ककर 82 हजार 290 के स्तर तक पहुंच गया। वहीं निफ्टी 25 हजार 22 पर कारोबार कर रहा था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 86 हजार 8 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस है। डेंगू को जड़ से खत्म करने के लिए हर साल 16 मई को डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए राज्य भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में देवघर स्थित पुराना सदर अस्पताल से आज सबेरे प्रभात फेरी सह जन जागरुकता रैली निकाली गयी।

********************

मौसम विभाग ने आज पलामू और गढ़वा को छोड़कर राज्य के पश्चिमी भाग में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

********************

झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन– जेएससीए का चुनाव 18 मई को होगा। इसे लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव और जमशेदपुर के कारोबारी एसके बेहरा आमने–सामने हैं। रांची में पत्रकारों से बातचीत में अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि राज्य में क्रिकेट को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी।

इधर जमशेदपुर में एसके बेहरा ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से क्रिकेट प्रतिभाओं की खोज करना उनके प्रमुख एजेंडे में शामिल है।

********************